श्याम नाम अति मीठा है

श्याम नाम अति मीठा है,
कोई गा के देख ले,
आ जाते है श्याम,
कोई बुला के देख ले,
आ जाते है श्याम,
कोई बुला के देख ले......

जिस घर में अहंकार वहां,
मेहमान कहाँ से आये,
जिस मन में अभिमान वहां,
भगवान कहाँ से आए,
अपने मन मंदिर में,
ज्योत जगा के देख ले,
आ जाते है श्याम,
कोई बुला के देख ले......

आधे नाम पे आ जाते,
हो कोई बुलाने वाला
बिक जाते हैं श्याम कोई हो,
मोल चुकाने वाला,
कर्मा बेटी सा कोई
भोग लगा के देख ले,
आ जाते है श्याम,
कोई बुला के देख ले......

मन भगवान का मंदिर है,
यहाँ मैल न आने देना,
हीरा जन्म अनमोल मिला है,
इसे व्यर्थ गवा न देना,
शीश झुके और प्रभु
मिले झुका के देख ले,
आ जाते है श्याम,
कोई बुला के देख ले……

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30358/title/shyam-naam-ati-mitha-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |